## होली पर व्यवस्था रहे दुरुस्त, डीआईजी ने दिए निर्देश

**अलीगढ़।** कुछ दिनों बाद आ रहे होलिका महोत्सव को ध्यान में रखते हुए डीआईजी गोविंद अग्रवाल ने अलीगढ़ परिक्षेत्र की कानून व्यवस्था अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें उन्होंने मंडल के सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों से कहा कि होली को ध्यान में रखते हुए विगत में हुए विवाद आदि चिन्हित कर लिए जाएं। असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने और सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा अवैध शराब का व्यापार करने वालों पर प्रभारी तरीके से अंकुश लगाया जाए। खासतौर से हरियाणा राज्य से आ रही तस्करी की शराब पर लगाम कसी जाए। पिछले महीने हुए ग्राम पंचायत चुनाव और जिला पंचायत चुनाव के बाद उत्पन्न विवादों को एसडीएम, सीओ और प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं गंव में या क्षेत्र में जाकर सुलझाए या निपटवाएं। वांछित अभियुक्तों और गैर जमानती वारंटों के संबंध में अभियान चलाकर गिरफ्तारी की जाए। पुरस्कार घोषित अपराधियों के संबंध में अभियान चलाकर जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए। प्रत्येक छोटी से छोटी घटनाओं को गंभीरता से लेकर तत्काल कार्यवाही की जाए।

डीपीएस जूनियर शाखा में प्रेप ग्रेजुएशन सेरेमनी

# डिग्री पाकर खिलखिलाए मासूम





डीपीएस की जूनियर शाखा में आयोजित प्रेप-ग्रेजुएशन सेरेमनी में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे और उपस्थित अतिथि।

अमर उजाला ब्यूरो

**अलीगढ़।** कक्षा प्रेप पास कर क्रमबद्ध शिक्षा के प्रथम चरण में पहुंचे नन्हें-मुन्नों को सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र वितरण हेतु आगरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल की जूनियर शाखा में शानदार प्रेप-ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। डिग्री पाकर नन्हें बच्चों के चेहरे खुशी से खिल गए।

डीपीएस की प्रिंसिपल पल्लवी उपाध्याय, डीपीएस सिविल लाइंस की प्रधानाचार्या नीना नेवार एवं डीपीएस हाथरस की प्रधान अध्यापिका भावना भारद्वाज ने बच्चों को डिग्रियों के रूप में प्रमाण पत्र भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि अरुण आदित्य ने कहा कि आज इन बच्चों के बीच खुद को मैं बचपन में देख रहा हूं। बच्चों की शिक्षा ऐसे ही विद्यालयों में होनी चाहिए जहां प्यार एवं आधुनिक शिक्षा दी जाए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि अपना अधिक से अधिक समय बच्चों को दें।

कक्षा प्ले ग्रुप एवं नर्सरी के बच्चों ने 'धीम ता ना ना ना' संगीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कुछ बच्चों के समूह ने मधुर गीत प्रस्तुत कर सभी को आश्चर्य चकित कर दिया। कक्षा नर्सरी के बच्चों ने विभिन्न देशों की पोशाक पहनकर वहां की संस्कृति एवं सभ्यता को प्रस्तुत किया। बच्चों ने श्रीलंका, चाइना, साउथ अफ्रीका आदि की भाषाओं के माध्यम से सभी अतिथियों का अभिवादन किया। संचालन कक्षा प्रेप के अयान सारस्वत एवं तृप्ति ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक पवन जैन, प्रो. वाइस चेयरमैन स्वप्निल जैन, प्रिया जैन, हेड मिस्ट्रेस आरती झा आदि मौजूद थी।




डीपीएस की जूनियर शाखा में आयोजित प्रेप-ग्रेजुएशन सेरेमनी में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

## प्रेरणा दिवस देगा महिलाओ को प्रेरणा: सीडीओ

**अलीगढ़।** नुमाइश मैदान स्थित कृष्णाजंली नाट्यशाला में महिलाओं की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने को 19 मार्च को सुबह 9 बजे से प्रेरणा दिवस मनाया जायेगा। इसमें 800 से 1200 समूह की महिलाएं प्रतिभाग करेंगी।

सीडीओ डीएस सचान ने बताया कि प्रेरणा दिवस के आयोजन का उद्देश्य अच्छे महिला समूह, संगठन और सामुदायिक कैडर को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ यूपी एनआरएलएम विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक करना है। इसके अलावा आजीविका मिशन, महिलाओं के अधिकार आदि के बारे में जागरूक करना है। कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, उद्यान, पंचायती राज, उद्योग केन्द्र, समाज कल्याण, मनरेगा, विकलांग कल्याण, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, ग्रामीण विकास, महिला विकास-आंगनबाड़ी, आरसेअी, डूडा, नेडा, नाबार्ड, कौशल विकास मिशन, लीड बैंक आदि विभागों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

# बालाजी महाराज का वार्षिकोत्सव 14 से

अमर उजाला ब्यूरो

> दो दिन तक चलने वाले वार्षिकोत्सव में कई धार्मिक कार्यक्रम होंगे

**अलीगढ़।** तालानगरी स्थित श्री मंगलकारी बालाजी महाराज का दशम वार्षिकोत्सव 14 से 15 मार्च तक मनाया जाएगा। पहले दिन 14 मार्च सुबह 9 बजे से विशाल शोभा यात्रा निकालेगी, जो श्री हनुमान मंदिर महावीरगंज से शुरू होकर टीकाराम मंदिर सेंटर प्वाइंट पहुंचेगी। इसका शुभारंभ पूर्व मंत्री ठा. जयवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष उपेंद्र सिंह 'नीटू' व्यापारी नेता सौरभ सिक्स संस करेंगे। यह बात शुक्रवार को श्री मंगलकारी बालाजी महाराज मंदिर ट्रस्ट के प्रेरणा श्रोत आचार्य डा. बृजेश शास्त्री ने पत्रकारों से कहीं।

उन्होंने कहा कि दूसरे दिन 15 मार्च सुबह 10 बजे से मंदिर में भव्य छप्पन भोग, फूलबंगला के दर्शन होंगे। इसी समय से श्री मंगलकारी विघ्न हरता संकट मोचन बालाजी महाराज का महायज्ञ वैदिक ज्योतिष संस्थान के आचार्य करेंगे। दोपहर 1 बजे से पितृ पूर्वजों की आत्म शांति के लिए श्री प्रेतराज सरकार प्रसादी होगी, 2 बजे से श्री मंगलकारी बालाजी महाराज का भंडारा होगा। शाम 5 बजे से एक शाम श्री मंगलकारी बालाजी महाराज के नाम भजन संध्या होगी, जिसमें दिल्ली एवं हरियाणा के गायक आएंगे, जिसका शुभारंभ डीआईजी. गोविंद अग्रवाल करेंगे। इसके बाद 2100 दीपों से बाबा की महा आरती होगी, ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश चंद्र मीतल ने बताया कि शोभा यात्रा में श्री बालाजी मानव सेवा समिति के ठा. अतुल कुमार मामा शामिल होंगे, यज्ञ का शुभारंभ सांसद सतीश गौतम करेंगे। हवन में बैठने के लिए धोती-कुर्ता, पजामा-कुर्ता पहनना जरूरी होगा। इस दौरान आचार्य गौरव शास्त्री, मनोज अग्रवाल, मुकुल मित्तल, अनिल बंसल और महादेव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## बजट सरेंडर नहीं होगा, काम होगा: सीडीओ

**अलीगढ़।** इस बार कोई भी विभाग बजट वापस नहीं करेगा। अधिकारियों को 31 मार्च से पहले हर हाल में बजट से विकास कार्य कराने होंगे। जो अफसर ऐसा नहीं करेगा उस पर कार्रवाई। सीडीओ धीरेन्द्र सिंह सचान ने सभी अधिकारियों को पत्र भेजकर शासन की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए आए बजट को नियमानुसार व्यय कर निर्धारित कार्यों को 31 मार्च में ही पूर्ण करने का आदेश दिया है। सीडीओ का कहना था कि यदि बजट का लाभ समय से नहीं मिला तो शासन की छवि प्रभावित होगी। सचान ने विकास से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विभिन्न विकास योजनाओं एवं अन्य मदों के लिए शासन द्वारा अवमुक्त की गई धनराशि को नियमानुसार व्यय करते कार्य समय से पूर्ण करायें।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एएमयू फिजिक्स विभाग में कार्यक्रम


# प्रो. तौहीन, प्रो. शब्बीर एवं डॉ. नसरा टीचर ऑफ द ईयर

अमर उजाला ब्यूरो

**अलीगढ़।** एएमयू के फिजिक्स विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षक एवं छात्रों को सम्मानित किया गया।

दा ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर सुलताना एन नाहर ने कहा कि विज्ञान में किसी व्यक्ति की पहचान उसके शोध कार्यों से होती है और ऐसे में वैज्ञानिकों का दायित्व है कि वह अपने ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाए।

कार्यक्रम को कुलपति जमीरउद्दीन शाह, प्रो. अनिल प्रधान, प्रो. एम अफजाल अंसारी, प्रो बीपी सिंह आदि ने संबोधित किया। विभाग के शिक्षक एवं छात्रों को उल्लेखनीय कार्यों पर पुरस्कृत किया गया। एसएन नाहर विशिष्ट शिक्षक ऑफ दा ईयर पुरुष वर्ग अवार्ड प्रो. तौहीन अहमद एवं प्रो. शब्बीर अहमद, महिला वर्ग में डॉ. नसरा नीलोफर को प्रदान किया गया। छात्रों में अलबुर्ज आर रहमान बेस्ट पीएचडी थीसिस अवार्ड पुरुष वर्ग में डॉ. मुहम्मद जाने आलम और महिला वर्ग में डॉ. लीला अब्दुल अजीज आयद अलखताबी को प्रदान किया गया। एसएन नाहर बेस्ट स्टूडेंट प्राइज 2014-15 बीएससी (ऑनर्स) की फौजिया को और छात्रों में सज्जाद अहमद शेख को प्रदान किया गया। एल्यूमनाई अवार्ड 2014-15 एमएससी फिजिक्स के प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर में छात्राओं में आशना जैनब और छात्रों में इशफाक अहमद राथरा को प्रदान किया गया। रिसर्च स्कालर बेस्ट प्रेजेंटेशन वार्ड सामिया मंजूर को प्रथम, सोफी सुहैल मजीद को द्वितीय तथा मुहम्मद शुएब को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। सांत्वना पुरस्कार अंकिता सक्सेना और फरहाना जैदी को दिया गया। नॉन टीचिंग सर्पोटिंग स्टाफ का पुरस्कार सोबान अली, मुशफ्फर अली, जुलफिकार अहमद और जीशान फजल को प्रदान किया गया।




एएमयू फिजिक्स विभाग में छात्रा को सम्मानित करते कुलपति।

> उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षक व छात्र हुए सम्मानित
>
> विज्ञान में किसी व्यक्ति की पहचान उसके शोध कार्य से ही संभव

# प्रो. हरिदत्त को विशिष्ट सम्मान

अमर उजाला ब्यूरो

**इगलास।** बेसवां में जन्मे इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. हरिदत्त शर्मा को शुक्रवार को राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में सम्मानित किया।

शुक्रवार को प्रोफेसर डॉ. हरिदत्त शर्मा को देश-विदेश में संस्कृत के क्षेत्र में उच्चस्तरीय योगदान देने व प्रचार-प्रसार करने पर राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में भव्य समारोह के बीच राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने पांच लाख रुपये व स्मृति चिन्ह भेंट कर विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया।

प्रोफेसर शर्मा संस्कृत साहित्य लेखन के लिए देश-विदेश में चर्चित हैं। प्रो. शर्मा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में विगत 43 वर्षों के अध्यापन काल में 28 शोध कार्य सम्पन्न कराए हैं और 12 ग्रंथों का लेखन कार्य किया है। प्रो. शर्मा के प्रमुख ग्रंथ गीतकन्दलिका, त्रिपथगा, उत्कलिका, बालगीताली, लसल्लिका आदि हैं। प्रो. शर्मा को अनेकों बार संस्कृत साहित्य लेखन कि लिए उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, दिल्ली संस्कृत अकादमी, साहित्य अकादमी दिल्ली आदि के द्वारा सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। पूर्वी जर्मनी, फ्रांस, इंग्लैंड, अमेरिका, जापान, नीदरलैंड, मलेशिया, इटली आदि 15 देशों में शैक्षणिक सांस्कृतिक यात्रा कर चुके हैं।

बेसवां में जन्मे डॉ. हरिदत्त शर्मा को मिले सम्मान से बेसवां के लोग खुश हैं। इस मौके पर उनके भाई वैद्य बनवारीलाल शर्मा को चेयरमैन संजय अग्रवाल, सत्यप्रकाश उपाध्याय, भगवान स्वरूप पाठक, गुलशन बंसल, विष्णु गोयल व प्रमेश शर्मा आदि ने बधाई दी है।



प्रो. हरिदत्त शर्मा को नई दिल्ली में राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।।

## केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री से मिले सराफा कारोबारी



नई दिल्ली में सांसद सतीश गौतम के साथ केंद्रीय वित्त मंत्री जयंत सिन्हा को ज्ञापन देते सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**अलीगढ़।** सांसद सतीश गौतम के साथ सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी नई दिल्ली में शुक्रवार रात केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री जयंत सिन्हा से मिले और एक्साइज ड्यूटी हटाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अग्रवाल सोनी, विनोद सराफ, अमित सराफ, राजीव राठी, जीतेंद्र सराफ, निलेंद्र सराफ शामिल थे। अमित सराफ ने बताया कि वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि वे लोग 14 मार्च को प्रधानमंत्री एवं वित्त राज्यमंत्री के समक्ष सराफा कारोबारियों की समस्याओं को रखेंगे।

## एएमयू में नैनो तकनीक पर चार दिवसीय कांफ्रेंस आज से

**अलीगढ़।** एएमयू के एप्लाइड फिजिक्स विभाग द्वारा अमेरिका की ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी और सीईईआरआई पिलानी के सहयोग से 12 से 15 मार्च तक नैनो टेक्नालोजी एंड स्टेम ईआर विषय पर अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन 12 मार्च को प्रातः 10:30 बजे जेएन मेडिकल ऑडीटोरियम में होगा। इसकी जानकारी शुक्रवार को एएमयू के सह कुलपति सैयद अहमद अली, ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रो. अनिल प्रधान, प्रो. सुलताना एन नाहर एवं कनवीनर प्रो. आलिम एच नकवी ने पत्रकारों को दी। सह कुलपति एस अहमद अली ने बताया कि इस कांफ्रेंस में तीस से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों ने शामिल होने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से करीब दो सौ प्रतिनिधि शामिल होंगे। आयुष मंत्रालय ने कांफ्रेंस के लिए 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। उन्होंने बताया कि इस कांफ्रेंस का उद्देश्य भारत में पुनः हरित क्रांति लाना है, इसलिए इसकी चर्चा का मुख्य केन्द्र कृषि व पर्यावरण होगा। नोबल पुरस्कार विजेता अहमद एच ज़ेबाइल का संदेश भी पढ़कर सुनाया जाएगा।

प्रो. अनिल प्रधान ने कहा कि ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी और एएमयू ने यूएस -इंडिया एजूकेशन फाउंडेशन (यूसेफ) द्वारा सहायता प्राप्त स्टेट ईआर पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत और 21 वीं शताब्दी नालेज इनिशेटिव के शीर्षक से दो वर्षीय दोहरी पीएचडी एवं मास्टर ऑफ एजूकेशन (मेड स्टेम) डिग्री कार्यक्रमों की शुरूआत की है।

## तीन पुलिस कर्मियों को मिलेगा राष्ट्रपति पुरस्कार

**अलीगढ़।** करीब 10 साल पहले एक साहसिक मुठभेड़ में कुख्यात बदमाश को मारकर अपहृता (एएमयू के प्रो. मन्नान वासनवाला) को सकुशल बरामद कर देने के मामले में तीन पुलिस वालों को एक दशक बाद उनकी वीरता का सम्मान मिला है। इनको प्रतिष्ठत राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान 1 अप्रैल को लखनऊ में दिया जाएगा। सन 2006 में एएमयू के प्रो. मन्नान वासनवाला का अपहरण हुआ था। पुलिस ने अतरौली शाहमुद्दीन को मारकर प्रोफेसर को छुड़ा लिया था। एसटीएफ में इंस्पेक्टर रहे एसके त्यागी (वर्तमान में एटीएस अलीगढ़ में हैं), थाना प्रभारी बन्ना देवी अशोक कुमार सिंह (वर्तमान में इंस्पेक्टर सहारनपुर) और सर्विलांस में सिपाही एमपी सिंह के नाम राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए भेजे थे। गत 26 जनवरी को इन सभी को राष्ट्रपति पुरस्कार की घोषणा की गई।







# डीआईजी ने किया मेडिकल छात्रों के न्यूज लेटर का विमोचन



मेडिकल कॉलेज में छात्रों के न्यूज लेटर का विमोचन करते डीआईजी गोविंद अग्रवाल।

**अलीगढ़।** जेएन मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल मैगजीन ग्रे मैटर तथा हास्पिटल इंफेक्शन सोसाइटी इंडिया, अलीगढ़ चैप्टर के न्यूज लेटर का विमोचन डीआईजी गोविंद अग्रवाल, प्रो-चांसलर नवाब इब्ने सईद खां छतारी, मेडिसन फैकल्टी के डीन प्रोफेसर जमाल अहमद एवं प्रिंसिपल एवं सीएमएस प्रोफेसर तारिक मंसूर द्वारा किया गया। डीआईजी श्री अग्रवाल ने रेजीडेंट चिकित्सक की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार से वह इमरजेंसी रोगियों का उपचार करते हैं ऐसी व्यवस्था उन्हें प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों में बहुत कम देखने को मिली है। प्रो. तारिक मंसूर ने कहा कि पत्रिका का प्रकाशन कोई आसान कार्य नहीं है और इसके लिए विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व के संपूर्ण विकास के लिए मेडिकल के छात्रों का इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना आवश्यक है। पत्रिका की मुख्य संपादक डॉ. फातिमा खान ने कहा कि एक लंबे अंतराल के बाद मैगजीन का प्रकाशन संभव हो सका है। डॉ. फात्मा खान, जुल करनैन, निदा खान आदि मौजूद थी।

